# एमपी ग्रोथ समिट को लेकर निवेशकों में उत्साह

**गृह मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मौजूदगी में होगा आयोजन**

**आयुक्त ने की तैयारियों की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 21 दिसम्बर ।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसम्बर को ग्वालियर में ऐतिहासिक 'अभ्युदय एमपी ग्रोथ समिट 2025' का आयोजन होने जा रहा है। मेला मैदान में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विशेष मौजूदगी में आयोजित होने जा रही इस समिट में ग्वालियर - चंबल संभाग के विभिन्न योजनाओं के हितग्राही भी सहभागिता करेंगे। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने इस आयोजन से जुड़े अधिकारियों की रविवार को बैठक ली। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया, मुरैना व भिण्ड जिले के कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों से चर्चा की।

संभागीय आयुक्त खत्री ने बैठक व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा कि इस आयोजन में उद्यमी, निवेशक, हितग्राही एवं नागरिक शामिल होंगे। इसलिये पार्किंग सहित सभी व्यवस्थायें बेहतर से बेहतर हों। उन्होंने कहा कि सभी जिलों से आने वाले हितग्राहियों के वाहनों व पार्किंग की जिलेवार अलग-अलग कलर कोडिंग करें, जिससे वाहन निर्धारित पार्किंग में पहुँच सकें। साथ ही कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे सभी प्रतिभागी सुविधाजनक तरीके से अपने सेक्टर में पहुँच जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि हर जिले से आ रहे विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के सहयोग के लिये जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपें। नोडल अधिकारी आवेदन से एक दिन पहले आकर पार्किंग व्यवस्था, रूट व आयोजन स्थल पर अपने सेक्टर देख लें, जिससे आयोजन दिवस को निर्धारित सेक्टर तक हितग्राहियों को पहुँचाने में कोई दिक्कत न हो।

संभागीय आयुक्त ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि हितग्राहियों को लेकर आ रहे हर वाहन में प्राथमिक चिकित्सा के लिये मेडीकल किट अवश्य रहे। साथ ही वाहनों की फिटनेस सही हो और सभी वाहनों का इंश्योरेंस भी अनिवार्यत: होना चाहिए। उन्होंने हर जिले में हितग्राहियों की मदद के लिये कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश भी दिए। ग्वालियर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि सभी जिलों से हितग्राही के वाहन समय से पहुँच जाएं, जिससे हितग्राही सुविधाजनक तरीके से और समय से निर्धारित स्थल तक पहुंच सकें और कार्यक्रम का सुव्यवस्थित ढंग से आयोजन हो सके।

संभाग आयुक्त कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सोजान सिंह रावत, एमपी आईडीसी की प्रबंध निदेशक श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव, एडीएम श्री सी बी प्रसाद एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे। यह मंच मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेशकों के बढ़ते विश्वास तथा रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा। कार्यक्रम के दौरान अब तक की उपलब्धियों के साथ-साथ आगामी औद्योगिक एवं प्रशासनिक पहलों की दिशा, दृष्टि और प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया जाएगा। समिट के दौरान राज्य में प्रस्तावित एवं प्रगतिशील औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन, पूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण, निवेश प्रस्तावों से जुड़े लाभार्थियों का सम्मान, तथा रोजगार-केंद्रित पहलों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। यह मंच सरकार, उद्योग जगत और युवाओं के मध्य संवाद को सशक्त बनाते हुए निवेश को गति और रोजगार को स्थायित्व प्रदान करेगा।

# राज्य पेंशनर्स महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन शुरू




**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का चतुर्थ अखिल भारतीय दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन प्रेमकुंज गार्डन, देवकाली बाईपास, राष्ट्रीय राजमार्ग-28, अयोध्या धाम में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में प्रारंभ हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सतीश सिकरवार विधायक,ग्वा. पूर्व द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि पेंशनर्स की समस्याओं को केन्द्र सरकार और राज्य सरकार कर्मचारियों के हित को ध्यान में रखते हुये समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा कि जब भी आप लोग संघर्ष करेंगे, मैं आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा, चाहे जिस भी पाट्री की सरकार हो। विधायक डॉ. सिकरवार ने कहा कि सरकार को पेंशनर्स पर विशेश ध्यान देना चाहिए, क्योंकि उम्र के इस पडाव पर अगर आपको घर से बाहर जाकर लडाई लडना पडें तो ये सरकार के लिये शर्म की बात है। उन्होंने कहा कि जब भी ग्वालियर शहर में भारतीय राज्य पेन्शनर्स् महासंघ का कार्यक्रम होता है, मैं हर बार कार्यक्रम में शामिल होता हूँ और अब तो मुझे यह लगने लगा कि मैं इसी महासंघ का सदस्य हूँ। इसी के साथ विधायक डॉ. सिकरवार ने कार्यक्रम में मौजूद सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष सी.एच. सुरेश (केरल), राष्ट्रीय महामंत्री बी.एस. हाडा (राजस्थान), गीता भारद्वाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आर.एस. तरेटिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, बी.के. वर्मा (छत्तीसगढ़), घनश्याम शर्मा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भीम सेन सागर उपस्थित रहें।

## सिलावट आज आयेंगे ग्वालियर

ग्वालियर 21 दिसम्बर। ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट 22 दिसम्बर को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। सिलावट इस दिन प्रात:काल लगभग 7.30 बजे रेलमार्ग द्वारा ग्वालियर पहुँचेंगे। प्रभारी मंत्री सिलावट ग्वालियर प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे।



## बिरला नगर अस्पताल में 4 एन.एस.व्ही.आपरेशन हुए

**ग्वालियर।** शासकीय अस्पताल बिरला नगर में 4 पुरुष नसबंदी आपरेशन किये गये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि अब बिरला नगर में फिक्स डे सर्विस कैंप अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार को पुरुष नसबंदी आपरेशन किये जाते हैं एवं नसबंदी केसों की संख्या अधिक होने पर अन्य दिवसों में भी पुरुष नसबंदी आपरेशन किये जाते हैं इसी क्रम में 4 पुरुष नसबंदी आपरेशन किये गये। जिला स्वास्थ्य अधिकारी-2 डॉ. प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि पुरुष नसबंदी आपरेशन कराने पर प्रोत्साहन राशि दी जाती है। बिरला नगर में एन.एस.व्ही. सर्जन डॉ.राकेश कुरेले द्वारा एन. एस.व्ही. पुरुष नसबंदी आपरेशन किये गये इस अवसर पर स्टेट एन.एस.व्ही. इंचार्ज डॉ.राहुल श्रीवास्तव एवं बीईई दीक्षा रघुवंशी भी उपस्थित रहे।

# ग्वालियर में भी खुलवायी जायेगी एफएसएसएआई की लैब : सांसद कुशवाह

**स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,21 दिसंबर।** स्ट्रीट फूड वेंडर्स प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम, कुलिनरी कार्यशाला और किसानों के लिए ग्वालियर में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सांसद एवं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएस एआई) द्वारा रविवार को भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान में यह आयोजन हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि अन्य महानगरों की तरह ग्वालियर को भी फूड हब के रूप में विकसित किया जाये, जिससे यहां के लोगों को भी रोजगार के साथ-साथ स्वच्छ एंव शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सकें। उन्होंने कहा ग्वालियरवासियों को भी स्वच्छ एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो। इसके लिए ग्वालियर में भी भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की एक लैब खुलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ग्वालियर में यह लैब स्थापित होने पर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

सांसद कुशवाह ने कहा कि स्ट्रीट फूड वेंडर्स सुलभ एवं किफायती भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अजीविका सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को जरूरी बताया। ग्वालियर में पहली बार एफएसएसएआई द्वारा आयोजित खाद्य सुरक्षा कार्यषाला में एफएसएसएआई पश्चिमी क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक प्रीती चौधरी, (आईआरएस) ने कहा कि जमीनी स्तर पर खाद्य सुरक्षा की सुदृढ संस्कृति विकसित करने के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) प्रतिबद्ध है। उन्होनें फोस्टैक कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ खाना पकाने की विधियां, सुरक्षित भण्डारण तथा खाद्य मिलावट की रोकथाम पर अंकुश लगाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्ट्रीट फूड विक्रेताओं से अपने समुदाय में सुरक्षित भोजन के दूत बनने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के प्रात:कालीन सत्र में किसानों के लिए आलू फसल उत्पादन, खेती की अर्थव्यवस्था, लाभप्रदता एवं आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण पर चर्चा की गई। इस दौरान पुनीत लुथरा, जनरल मैनेजर - एग्रीकल्चर, हाईफन फूडस, ने किसानों को आलू की पैदावार कैसे बढ़ाई जाये एवं इसकी प्रोसेसिंग कर मार्केटिंग से मुनाफा अधिक से अधिक कमाने के बारे में बताया।

कार्यक्रम में भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा, एफएस एसएआई की सहायक निदेशक ज्योति हारने, एफएस एसएआई के सहायक निदेशक वेदांत पाबल एवं प्रोफेसर चन्द्रशेखर बरूआ सहित बड़ी संख्या में किसान एवं फूड स्ट्रीट वेंडर्स शामिल हुए।






# गाय सुरक्षित रहेगी तो देश सुरक्षित रहेगा : वल्लभाचार्य

**मदन मोहन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 21 दिसंबर।** ब्राह्मण, गाय और संतों की रक्षा के लिए भगवान मनुष्य अवतार लेते हैं। गाय सुरक्षित रहेगी तो ही विश्व सुरक्षित रहेगा, लेकिन आज गाय काटी जा रही है। नेता, मंत्री गाय बचाने की डींगे हांकते हैं, पर भी फिर भी गाय कट रही हैं। यह विचार जगतगुरू वल्लभाचार्य ने श्रीमदन मोहन मंदिर मुरार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इसी तरह यदि गाय काटी जाती रहीं तो गायों का वंश ही खत्म हो जाएगा। जब गाय खत्म हो जाएंगी, तो फिर क्या इंसानों का काटा जाएगा, क्योंकि मांसाहार की प्रवृत्ति समाप्त होने वाली नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बिना तिलक का मस्तक श्मशान के समान होता है। बिना तिलक के हर पूजा निरर्थक होती है। किसी भी सनातनी को बिना तिलक, कंठी और चोटी जरूर रखना चाहिए। कालिया मर्दन की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि कालिया ने अपना फन फैलाया तो भगवान ने उसके सिर पर फन पर चढ़कर तांडव किया। इसी तरह जो लोग अपना फन फैलाते हैं, भगवान उनका फन कुचल देते हैं। बनना है कछुआ बनो। इस मौके पर दंदरौआ हनुमान मंदिर के महामंडलेश्वर रामदास महाराज ने पहुंचकर श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए। इस मौके पर उन्होंने दंदरौआ के शोभा अति न्यारी लागे...भजन की सुमधुर प्रस्तुति दी। और कहा कि दंदरौआ हनुमान सखी वेष में हैं, जो भक्तों की सभी मनोकामाना पूरी करते हैं। खासतौर पर दीनदुखियों और बीमार दंदरौआ सरकार की पांच परिक्रमा लगाने से कष्टमुक्त हो जाते हैं। इस मौके पर इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गांगिल मुख्य यजमान रजनी राकेश कुमार गुप्ता पूर्व पार्षद महेश गुप्ता, जगदीश प्रसाद, सतीश चंद्र, आनंद कुमार, पवन कुमार, मनोज कुमार, पंकज, हरीश, विनोद गुप्ता सहित सैकड़ों भक्त मौजूद रहे।

## घना कोहरा, धूप के लिए दोपहर तक करना पड़ा इंतजार

**ग्वालियर।** ग्वालियर में कड़ाके की ठंड के साथ कोहरा कहर बरपा रहा है। आसमान में बादलों के छाए रहने और धुंध की वजह से आज रविवार दोपहर तक धूप भी नहीं निकली। इसके बाद जो थोड़ी बहुत धूप निकली उसमें नरमाई थी। मौसम विभाग की मानें तो ऐसी स्थितियां कल 22 दिसंबर को भी रह सकती हैं। इसके बाद मौसम में तब्दीली आएगी। चंबल संभाग में सभी जगहों पर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। सुबह के समय कुछ जगहों पर घना से बहुत घना कोहरा रहा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: लगभग 17 और 8 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने ठंड का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सोमवार के लिए मध्यम कोहरा पड़ने की चेतावनी दी है। इसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। समूचा ग्वालियर - चम्बल संभाग शीत लहर की चपेट में है और रात भर घना कोहरा छाया रहा जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ ।

# तनाव को कम करने शहर पुलिस ने किया सामूहिक ध्यान



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर,21 दिसंबर।** ग्वालियर जिले के सभी थानों, पुलिस लाइन ग्वालियर एवं पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए सामूहिक ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इन ध्यान शिविरों का उद्देश्य पुलिस बल को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाना, तनाव को कम करना, कार्यक्षमता को बढ़ाना तथा पुलिस कर्मियों के जीवन में सकारात्मकता एवं शांति का समावेश करना है। ध्यान शिविर में हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों की उपस्थिति में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा हार्टफलनेस मुख्यालय कान्हा शांतिवनम् से ऑनलाइन प्लेटफार्म जूम लिंक से जुड़कर ध्यान का अभ्यास किया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक अरविन्द कुमार सक्सेना ने कहा कि पुलिस बल अत्यंत संवेदनशील परिस्थितियों में निरंतर कार्य करता है, जिसके कारण मानसिक दबाव स्वाभाविक है। ध्यान के माध्यम से तनाव को कम कर सकारात्मकता, संतुलन एवं आत्म अनुशासन विकसित किया जा सकता है। यह अभियान पुलिस बल को मानसिक रूप से मजबूत एवं अधिक सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। **पुलिस लाइन ग्वालियर में हुआ मुख्य कार्यक्रम:** पुलिस लाइन स्थित नवीन सामुदायिक भवन में आयोजित मुख्य ध्यान सत्र में पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविन्द कुमार सक्सेना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर धर्मवीर सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती बनु बेनीवाल, अति. पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर, डीएसपी मुख्यालय रोबिन जैन, रक्षित निरीक्षक ग्वालियर रणजीत सिंह सिकरवार, हार्टफुलनेस ग्वालियर की केंद्र इंचार्ज अर्चना शर्मा तथा लगभग 350 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरंतर अभियान के रूप में जारी रहेगा कार्यक्रम पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण एवं तनावमुक्त वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यह पहल एक दीर्घकालिक अभियान के रूप में आगे भी जारी रहेगी। विश्व ध्यान दिवस से इसकी औपचारिक शुरुआत की गई है तथा प्रत्येक रविवार यह सत्र नियमित रूप से थानों में आयोजित किए जाएंगे।

### ऑनलाइन माध्यम से जुड़ा पूरा पुलिस बल

ध्यान सत्र हार्टफुलनेस संस्था के प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। पुलिस कर्मी हार्टफुलनेस मुख्यालय कान्हा शांतिवनम् से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'जूम' के माध्यम से जुड़े और प्रात: 9:30 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित ध्यान सत्र में सहभागी बने। इस दौरान पुलिस कर्मियों को ध्यान के माध्यम से आत्मिक शांति, सकारात्मक सोच, मानसिक सुदृढ़ता एवं आंतरिक ऊर्जा का अनुभव कराया गया। राष्ट्रगान के साथ ध्यान सत्र का समापन किया गया।

### ध्यान के महत्व पर विशेष मार्गदर्शन

कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व प्रशिक्षकों द्वारा ध्यान एवं योग के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि ध्यान मन एवं मस्तिष्क को शांति प्रदान करता है और तनावपूर्ण परिस्थितियों में संतुलन बनाये रखने में मदद करता है साथ ही उन्होने कि ध्यान मानसिक स्वास्थ्य के साथ शारीरिक स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ करता है और सकारात्मक दृष्टिकोण एवं प्रसन्नचित्त जीवन शैली विकसित करता है। इसलिए पुलिस जैसे अत्यधिक जिम्मेदारी एवं दबाव वाले कार्य क्षेत्र में ध्यान अत्यंत आवश्यक एवं लाभकारी है।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95